## धुरवा, गौर सिंग, गेड़ी और परब नृत्य के साथ मुंडाबाजा ने बढ़ाया धावकों का हौसला

# थिरकते कदमों और मांदर की थाप के बीच संपन्न हुई बस्तर हेरिटेज मैराथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की गौरवशाली धरा पर आज खेल और संस्कृति का एक अनूठा संगम देखने को मिला। जहां बस्तर हेरिटेज मैराथन के माध्यम से न केवल फिटनेस का संदेश दिया गया, बल्कि अंचल की समृद्ध लोक कलाओं ने धावकों के मार्ग में उत्साह का संचार किया। मैराथन की शुरूआत से लेकर 42 किलोमीटर के अंतिम फिनिशिंग पॉइंट तक धावकों का स्वागत बस्तर के पारंपरिक लोक नृत्यों की गूंज के साथ हुआ। ऐतिहासिक लालबाग से दौड़ प्रारंभ कर धावक जब चांदनी चौक पहुंचे नेगानार के झाड़ा सिरहा नृत्य के साथ स्वागत किया गया और जब राम मंदिर पहुंचे तब छिंदावाड़ा के धुरवा नृत्य के नर्तक दलों ने अपनी ऊजार्वान प्रस्तुतियों से खिलाड़ियों का जोश बढ़ा दिया।



जैसे-जैसे मैराथन का कारवां आगे बढ़ा, पीजी कॉलेज चौक और एसटीएफ कैंप जैसे महत्वपूर्ण पड़ावों पर किलेपाल और आंजर के नर्तक दलों ने विश्व प्रसिद्ध गौर सिंग नृत्य का प्रदर्शन किया। सिर पर कौड़ियों से सजे गौर के सींग और पारंपरिक वेशभूषा में सजे इन कलाकारों को देख विदेशी और अन्य राज्यों से आए धावक मंत्रमुग्ध हो गए। यह दृश्य बस्तर की अदम्य शक्ति और शौर्य का प्रतीक लग रहा था। वहीं धरमाउर के रास्तों पर मुंडाबाजा की गूंज और पोटानार के नर्तकों की लयबद्धता ने मैराथन को एक उत्सव का रूप दे दिया। रास्ते के कठिन मोड़ों पर जब धावकों का हौसला डगमगाने लगता, तब कलाकारों की थिरकन उन्हें लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती रही। मैराथन के मध्य पड़ाव यानी बड़ांजी तिराहा और चित्रकोट के क्षेत्रों में गेड़ी नृत्य और परब नृत्य का अद्भुत नजारा देखने को मिला। बांस की ऊंची गेड़ियों पर संतुलन बनाकर नाचते कलाकारों ने शारीरिक दक्षता और कला के संतुलन का ऐसा उदाहरण पेश किया, जो मैराथन के मूल उद्देश्य 'फिटनेस' से पूरी तरह मेल खाता था। अंततः जब धावक 42 किलोमीटर की अपनी चुनौतीपूर्ण यात्रा पूरी कर फिनिशिंग पॉइंट पर पहुँचे, तब वहां धुरवा नाचा के कलाकारों ने विजय की खुशी में झूमते हुए उनका आत्मीय स्वागत किया। दरभा, लोहण्डीगुड़ा और तोकापाल जैसे विकासखंडों के इन लोक कलाकारों ने आज अपनी कला के माध्यम से यह सिद्ध कर दिया कि बस्तर की विरासत केवल संग्रहालयों में नहीं, बल्कि यहां के जन-जीवन और उनकी हर धड़कन में बसती है।

## साप्ताहिक बाजार में 5 रुपए किलो में बिका टमाटर



**जगदलपुर।** टमाटर की बंपर उत्पादन के बाद इसके दाम में भारी गिरावट के चलते खरीददार 5-5 किलो टमाटर खरीद रहे हैं। शहर के साप्ताहिक बाजार में लोकल टमाटर रायपुर भेजा जा रहा है। बाजार में टमाटर 5, मटर 40, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 20, भिंडी 60, आलू 20, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, करेला 50 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 15 जूड़ी, प्याज भाजी 20 रूपए में 3 जूड़ी बिक रही है।


आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

रायपुर शहर

सीनियर प्रसार प्रतिनिधि

05 पद

शैक्षणिक योग्यता स्नातक

समाचार पत्र में प्रसार विभाग में

कार्य अनुभव 2 साल

वेतन 15000 + 5000/-

दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026

समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता

ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।

cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर







## 21.50 लाख की लागत से मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट के रनवे की होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट के रनवे की मरम्मत का काम जल्द ही शुरू होने वाला है। रनवे की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए मरम्मत की जा रही है, क्योंकि यहां नियमित विमान सेवा (रायपुर और हैदराबाद के लिए) चल रही है। लोक निर्माण विभाग के टेंडर के अनुसार, इन कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं, जिसमें रनवे की दरारों को भरने का काम भी शामिल है। रनवे की मरम्मत के चलते जगदलपुर एयरपोर्ट से उड़ानें 3 महीने तक बाधित रह सकती हैं, जिसके लिए पहले ही सूचना दी जाएगी। शासन और प्रशासन दोनों अपने-अपने स्तर पर एयरपोर्ट को बेहतर बनाने और हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि शहर में पहले एयरपोर्ट का जहाज भाटा का

- **मरम्मत के दौरान 3 महीने तक बाधित रहेंगी एयरपोर्ट से उड़ानें**



निर्माण हुआ था, उसके बाद मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में बदला गया। इसके विकास के लिए सरकार द्वारा 21 करोड़ 50 लाख रुपये की अलग से मंजूरी भी दी गई है, इसके लिए टेंडर करने की तैयारी की जा रही है।

### मरम्मत के लिए होगा टेंडर

लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक-एक के कार्यपालन अभियंता आरके बतरा ने बताया कि मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट के रनवे की मरम्मत के लिए शीघ्र ही टेंडर किया जाएगा। उसके बाद मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा।


